University in News on 14 January 2020

i-NEXT

यूजीसी के मूक कोर्स से अब पीजी के स्टूडेंट्स करेंगे कोर्स

एलयू में पीजी के सभी कोर्स में च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम से पढ़ाई कराने का निर्णय लिया गया

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 Jan): एलयू में पीजी के सभी कोर्स में च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम से पढ़ाई कराने का निर्णय लिया गया है. इसके साथ ही स्टूडेंट्स को किसी एक विषय से एक क्रेडिट की पढ़ाई करनी होगी. एलयू में स्टूडेंट्स पीजी लेकर या आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स किसी भी विषय से अपने च्वाइस के सब्जेक्ट का चयन कर पढ़ाई कर सकता है, पर डिग्री कॉलेजों में इसे लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. एलयू के संबद्ध ज्यादातर डिग्री कॉलेजों में या तो एक विषय में ही पीजी कोर्स की मान्यता है या फिर एक ही स्ट्रीम में दो विषयों के पीजी कोर्स संचालित हैं. ऐसे में स्टूडेंट्स के सामने ज्यादा विकल्प में च्वाइस का मौका नहीं है.

मूक कोर्स करने की देंगे मंजूरी

पीजी के सभी कोर्स में सीबीसीएस की शुरुआत इसी सेशन से हो रही है. ऐसे में एलयू डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स समेत एलयू के स्टूडेंट्स को यूजीसी पोर्टल पर संचालित मूक कोर्स से सीबीसीएस पूरा करने की छूट देने पर विचार कर रहा है. इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के साथ ही डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स को भी कैंपस के ही दूसरे विभाग में छूट दे सकता है. इसमें यूनिवर्सिटी व डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स को इंटर डिपार्टमेंटल की तर्ज पर किसी भी डिपार्टमेंट से एक कोर्स लेकर पढ़ने का विकल्प दिया जाएगा. यदि किसी कोर्स में आठ पेपर हैं और स्टूडेंट ने सात पेपर एलयू से पढ़े हैं तो वह यूजीसी के मूक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स से आठवें पेपर की पढ़ाई कर सकेगा.

एलयू को देनी होगी जानकारी

एलयू के अधिकारियों का कहना है कि एडमिशन के समय स्टूडेंट्स को सीबीसीएस के चयन करने का मौका दिया जाएगा. अगर स्टूडेंट्स यूजीसी के पोर्टल से ऑनलाइन कोर्स करना चाहता है तो उसे वहां पर रजिस्ट्रेशन करवाकर इसकी जानकारी अपने सम्बन्धित विभाग को देनी होगी. इसके बाद वह ऑनलाइन कोर्स पूरा करने के बाद इसकी सूचना भी देनी होगी.

NBT

एलयू में होगी थ्रीडी एनिमेशन की पढ़ाई!

सीबीसीएस के तहत इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में आर्ट्स कॉलेज तैयार कर रहा सिलेबस

16 को फिर बैठक, वीसी ने विभागों को कोर्स तैयार करके लाने को कहा

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) स्टूडेंट्स के लिए थ्रीडी एनिमेशन की भी पढ़ाई शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए कला एवं शिल्प महाविद्यालय चॉइस बेस क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में कोर्स तैयार करेगा। कोर्स के लिए लैब, फैकल्टी आदि जो भी जरूरत होगी, इसका प्रस्ताव वीसी को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

एलयू नए सत्र से पीजी कोर्सों में सीबीसीएस लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए आठ जनवरी को हुई बैठक में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी विभागों को पीजी का सिलेबस सीबीसीएस की तर्ज पर तैयार कर 16 जनवरी को फिर बैठक बुलाई है। इसपर सभी विभाग तैयारी में जुटे हैं। महाविद्यालय के डीन प्रो. संजीव किशोर गौतम ने बताया कि एनिमेशन की डिमांड मार्केट में सबसे ज्यादा है। इलेक्टिव के रूप में किसी भी वर्ग के पीजी छात्र इस कोर्स को विकल्प के रूप में कर सकेंगे। साथ ही इंट्रा डिपार्टमेंट के तहत बड़े कलाकारों या एजेंसी के पास छात्र जाकर सीख सकेंगे। इसके दो क्रेडिट मिलेंगे। यह क्रेडिट थर्ड या फोर्थ सेमेस्टर में लागू करने की तैयारी है। यह क्रेडिट छात्रों के फाइनल मार्क्स में जुड़ जाएगा।

इंडस्ट्री शुरू करने के बारे में भी जानेंगे

अब एलयू के स्टूडेंट्स इंडस्ट्री शुरू करने से लेकर उसे आगे बढ़ाने के भी गुण सीखेंगे। इसके लिए कॉमर्स विभाग दो नए कोर्स तैयार कर रहा है। इसमें बिजनेस ऐंड अकाउंटिंग और रेगुलेटरी फ्रेम वर्क फॉर बिजनेस शामिल है। विभाग के मुताबिक, बिजनेस ऐंड अकाउंटिंग में बिजनेस के प्रकार, उसकी शुरुआत सहित तमाम चीजें छात्र पढ़ सकेंगे। वहीं, रेगुलेटरी फ्रेम वर्क में नियम कानून बताए जाएंगे। यह दोनों कोर्स नॉन क्रेडिट का होगा। यानी इसे सिर्फ पास करना अनिवार्य होगा।

सी++ व स्पेस साइंस का नया कोर्स

विवि में फिजिक्स को छोड़ दूसरे कोर्स के स्टूडेंट्स सी++ से लेकर एटमॉसफिक ऐंड स्पेस साइंस की पढ़ाई भी कर सकेंगे। फिजिक्स डिपार्टमेंट ने सीबीसीएस के तहत इसका सिलेबस तैयार किया है। डिपाटमेंट के मुताबिक, स्टूडेंट्स के ओवरऑल डिवेपलमेंट के लिए इस तरह के कोर्स शुरू किए जाएंगे ताकि साइंस के अलावा दूसरे वर्ग के स्टूडेंट्स भी इसके बारे में जान सकें। उन्हें फिजिक्स को सामान्य तौर पर समझाने के लिए फ्रंटियर ऑफ फिजिक्स, एनर्जी ऐंड इनवायरमेंट जैसे कोर्स भी विकल्प के रूप में पढ़ने को मिलेंगे।

एलयू के ओल्ड से न्यू कैम्पस तक बस सेवा

प्रस्ताव तैयार, परिवहन विभाग को जल्द भेजा जाएगा

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों कैम्पस में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं के लिए फिर से बस सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए एलयू प्रशासन ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके जल्द ही परिवहन विभाग को भेजा जाएगा।

करीब 10 साल पहले तक एलयू के ओल्ड कैम्पस से न्यू कैम्पस तक परिवहन विभाग की तरफ से बस का संचालन होता था। मौजूदा समय में एलयू के ओल्ड कैम्पस में 20 हजार और जानकीपुरम स्थित न्यू कैम्पस में 4 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। न्यू कैम्पस में बीटेक कोर्स चलता है। इसके छात्र ओल्ड कैम्पस के हॉस्टल में हैं। पढ़ने और लंच के लिए जानकीपुरम न्यू कैम्पस जाना पड़ता है। दोनों कैम्पस की दूरी सात किलोमीटर होने से काफी समय खराब होने के साथ ही काफी दिक्कत भी होती है। इसे देखते हुए बस सेवा शुरू करवाने की कवायद चल रही है।